तेज रफ्तार कार चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, महिला की मौत

ई-रिक्शा पर सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

फूलपुर (प्रयागराज)। फूलपुर थाना क्षेत्र के बेलहाबांध गांव के सामने तेज रफ्तार बोलेरो कार ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर एक महिला की मौत हो गयी तथा आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का उपचार एक अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और कार को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई तथा मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुजानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवार (पदुआ) निवासी प्रेमा देवी पत्नी कल्पनाथ मौर्या अपने परिजनों के साथ बृहस्पतिवार को अपनी रिश्तेदारी फूलपुर थाना क्षेत्र के नगरिया गांव आई थीं। जहां शुक्रवार सुबह अपने घर के लिए ई रिक्शा से जा रही थीं। जैसे ही वह प्रयागराज-जौनपुर मार्ग पर बेलहाबांध गांव के सामने शुक्रवार दोपहर पहुंची थीं कि पीछे से तेज रफ्तार बलेनो कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से ई रिक्शा पलट गया, जिसमें सवार प्रेमा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। रिक्शे पर सवार सुमित्रा देवी पत्नी ज्ञानचन्द, ज्ञानचंद पुत्र रामअकबाल, इंद्रावती पत्नी अरविंद मौर्य, उषा देवी पत्नी विनोद मौर्य तथा बच्चा शुभ पुत्र ज्ञानचन्द आदि लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। मौके पर ही कार चालक को घेरकर पकड़ लिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फूलपुर पुलिसने चालक को हिरासत में ले लिया और कारको कब्जे में लेकर थाने उठा लाई और मृतकाके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र दयाराम मौर्या की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।



मतदान के उपरांत प्रसन्न मुद्रा में खड़े मतदाता।

मतदाताओं में नहीं दिखा खास उत्साह, कोरांव में मात्र २९ फीसदी मतदान

कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव

कोरांव (प्रयागराज)। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को लेकर स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के मतदाताओं में अपेक्षित उत्साह देखने को नहीं मिला। विकास खंड में पंजीकृत कुल ६,७०३ मतदाताओं में से केवल २९ प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) टीपी सिंह, एसीपी तथा प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ सभी मतदान केंद्रों पर लगातार गश्त कर स्थिति का जायजा लेते रहे। चुनाव के लिए विकास खंड मुख्यालय पर ६ तथा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में २ बूथ बनाए गये थे। हालांकि कुल मतदान प्रतिशत कम रहा, लेकिन कई उत्साही मतदाता १० से १५ किलोमीटर का लंबा सफर तय करके मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

अस्थायी लाइसेंस के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे कोरांव के पटाखा व्यापारी, आजीविका पर संकट

कोरांव (प्रयागराज)। दीपावली पर्व पर पटाखों की बिक्री कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले स्थानीय छोटे एवं मध्यमवर्गीय व्यापारियों के सामने इस बार भी आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत कोरांव के पटाखा कारोबारी अस्थायी लाइसेंस के लिए तीन बार जिला कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन व्यापारियों का आरोप है कि हर बार उन्हें बिना किसी ठोस सुनवाई के बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। पर्व सिर पर होने के कारण दुकानदारों की चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

व्यापारियों का कहना है कि वे अग्निशमन विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों के अनुरूप तय किए गये मैदान अथवा चिन्हित स्थान पर ही दुकानें लगाने के लिए पूरी तरह सहमत हैं। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बावजूद प्रशासन स्तर पर लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि बीते वर्ष भी समय पर लाइसेंस जारी न होने के कारण अंतिम समय में बिक्री रोक दी गयी थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था। यदि इस वर्ष भी समय रहते अनुमति नहीं मिली, तो न केवल उनकी रोजी-रोटी छिन जाएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी त्योहार पर खरीदारी के लिए भटकना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर विशाल केशरी, विजय केशरवानी, सुशील केशरवानी, अंकित केशरी, अभिषेक जायसवाल (गोलू), सत्यम केशरी, मनोज सोनी, राजेन्द्र केशरी, राजकुमार केशरी, सोनू केशरी, श्रीकान्त केशरी, श्रीराम केशरी और विकास केशरी सहित दर्जनों व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने व्यापारियों की समस्या का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से स्थानीय पटाखा विक्रेताओं को नियमानुसार तत्काल अस्थायी लाइसेंस निर्गत करने की अपील की है। चेयरमैन ने कहा कि समय से अनुमति मिलने पर व्यापारी सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से कारोबार कर सकेंगे, जिससे नगरवासियों को भी सुविधा होगी। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासनके उच्चाधिकारियों से मामलेमें तत्काल हस्तक्षेपकर लाइसेंस प्रक्रियाको अविलंब पूरा करानेकी गुहार लगायी है।

पार्क में हरे पेड़ों की कटायी पर पर्यावरण प्रेमियों ने उठाये सवाल

नगर निगम से जांच एवं कारवाई की मांग



झूंसी (प्रयागराज)। नगर निगम के झूंसी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-४५ के सरस्वती सेक्टर में खान मार्केट के पीछे स्थित सार्वजनिक पार्क में हरे-भरे पेड़ों की कथित तौर पर अंधाधुंध कटाई का मामला सामने आया है। पार्क में हुई इस कटाई से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय हरियाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण और तापमान के बीच सार्वजनिक पार्क व पेड़-पौधे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्कों में लगे पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करना नगर निगम व संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। बिना किसी स्पष्ट कारण और सक्षम स्तर से अनुमति लिए बिना हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाना सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है।

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाए। साथ ही यह स्पष्ट किया जाए कि पेड़ों की कटाई किसके आदेश पर और किन परिस्थितियों में की गयी। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि बिना अनुमति के पेड़ काटे गये हैं, तो जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कारवाई की जाए और पार्क के प्राकृतिक स्वरूप को दोबारा बहाल किया जाए।

भरत मिलाप देखकर दर्शक हुए भावुक

श्रीराम द्वारा खड़ाऊं सौंपने का दृश्य देख नम हुईं आंखें


फाफामऊ (प्रयागराज)। मलाक हरहर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार रात 'भरत मिलाप' कार्यक्रम का अत्यंत भव्य और भावुक समापन हुआ। चित्रकूट प्रसंग के मंचन में अनुज भरत द्वारा प्रभु श्रीराम को अयोध्या लौटाने की मनुहार और श्रीराम द्वारा अपनी चरण पादुका (खड़ाऊं) सौंपने के मार्मिक दृश्य ने उपस्थित हजारों दर्शकों की आंखें नम कर दीं।

भरत मिलाप के साथ ही मेले का उत्साह चरम पर पहुंच गया। पूरा मेला परिसर आकर्षक विद्युत झालरों और बहुरंगी रोशनी से जगमगा उठा। देर रात तक चले इस मेले में दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। मेले के दौरान सामाजिक सरोकार के तहत सम्राट अशोक कमेटी के मंच पर 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के २० से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष सियाराम मौर्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे चलकर उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनाराम मौर्य सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

सीता हरण और जटायु मोक्ष की मार्मिक लीला देखकर भावुक हुए दर्शक

पंचवटी प्रसंग, शूर्पणखा नासिका छेदन और खर-दूषण वध का कलाकारों ने किया प्रभावी मंचन

सहसों (प्रयागराज)। ऐतिहासिक रामलीला कमेटी सहसों के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन में कलाकारों ने प्रभु श्रीराम के दर्शन, पंचवटी प्रसंग, शूर्पणखा के नाक-कान भंजन, खर-दूषण वध, सीता हरण तथा पक्षीराज जटायु उद्धार की लीला का सजीव व भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों के सधे हुए अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला के दौरान मंच पर जब पंचवटी में राक्षसी शूर्पणखा प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के समक्ष विवाह प्रस्ताव लेकर



पहुंची, तो प्रस्ताव ठुकराए जाने पर वह क्रोधित हो उठी। इसके उपरांत कुमार लक्ष्मण द्वारा उसके नाक और कान काटने का प्रसंग मंचित होते ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद प्रभु श्रीराम द्वारा आतातायी राक्षस खर और दूषण का वध कर उनके अत्याचारों का अंत करने की लीला प्रस्तुत की गयी। अगले प्रसंग में रावण द्वारा छलपूर्वक माता सीता का हरण कर लंका ले जाने के दृश्य और जानकी के करुण विलाप ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। सीता जी की रक्षा हेतु रावण से भीषण युद्ध करते हुए पक्षीराज जटायु के धराशायी होने और खोज में निकले प्रभु श्रीराम द्वारा उन्हें गोद में लेकर परमधाम प्रदान करने के मार्मिक प्रसंग ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मंचन के अवसर पर कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, प्रबंधक अनुराग सिंह 'अन्नू', सचिव जय कृष्ण सोनी, श्याम बाबू मोदनवाल, क्रांति गुरु गणेश वल्लभ, धनंजय शाश्वत, राम शुक्ला, शिव बाबू केसरवानी, जयेश केसरवानी, अमन प्रकाश केसरवानी, मनोज प्रजापति, फूलचंद्र साहू, संजय सिंह व रामगोपाल केसरवानी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शिवराजपुर बेनीपुर में कल लगेगा ऐतिहासिक मेला, तैयारियां जोरों पर

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। शंकरगढ़ विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवराजपुर बेनीपुर में आगामी २५ अक्तूबर (रविवार) को पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेले का भव्य आयोजन किया जायेगा। मेले की तारीख नजदीक आते ही क्षेत्रीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए ग्राम स्तर पर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। स्थानीय परंपरा के अनुसार आयोजित होने वाला यह वार्षिक मेला क्षेत्र की समृद्ध ग्रामीण संस्कृति, आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रमुख केंद्र रहा है। मेले में शिवराजपुर बेनीपुर सहित दर्जनों समीपवर्ती गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी और ग्रामीण शिरकत करते हैं। मेले में बच्चों के खिलौनों, पारंपरिक व्यंजनों एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें सजेंगी। मेला आयोजन समिति के सदस्य एवं पाल समाजसेवी गोपाल पेंटर ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे सपरिवार मेले में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं।

मऊआइमा में २९.२६ प्रतिशत मतदान सपा ने लगाये गड़बड़ी के आरोप

पुलिस के कड़े पहरे में संपन्न हुआ चुनाव; प्रशासन ने आरोपों को नकारा



मऊआइमा (प्रयागराज)। इलाहाबाद-झांसी खंड विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव के तहत मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान कुल २९.२६ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विकास खंड परिसर में कुल तीन मतदान केंद्र-बूथ संख्या ५७, ५८ एवं ५८ (ए) बनाए गये थे। इन केंद्रों पर पंजीकृत कुल २,७७१ मतदाताओं में से ८११ मतदाताओं ने सुबह ८:०० बजे से शाम ४:०० बजे तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोट डाले। मतदान के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता और मतदाताओं पर अनुचित दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा कर चुनाव आयोग से मामले की शिकायत की। दूसरी ओर, मौके पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट सुरेश चंद्र ने सपा नेताओं द्वारा लगाये गये आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मतदान पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया है। शाम को मतदान की प्रक्रिया सकुशल पूरी होने के बाद प्रशासनिक अमले व पुलिस बल ने राहत की सांस ली।

पुरवा खास गांव में हर घर जल योजना पर लगा ब्रेक, तालाब में पानी भरने से निर्माण कार्य प्रभावित

रामपुर/ करछना (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरवा खास में हर घर जल योजना के तहत बनायी जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य तालाब में पानी भर जाने के कारण प्रभावित हो गया है। स्थिति यह है कि टंकी के चारों तरफ पानी भर गया है, जिससे निर्माण कार्य रुक गया है और ग्रामीणों को योजना का लाभ मिलने में देरी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि लोगों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। लेकिन तालाब में पानी भर जाने के कारण निर्माण स्थल चारों तरफ से पानी से घिर गया है। इसके चलते निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। तस्वीर में भी निर्माणाधीन पानी की टंकी के आसपास तालाब में पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। एक तरफ सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी तरफ पुरवा खास गांव में निर्माण कार्य प्रभावित होने से ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। गांव के लोग इंतजार कर रहे हैं कि तालाब का पानी कब कम होगा और पानी की टंकी का निर्माण कार्य दोबारा शुरू होकर कब पूरा होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर कराने के लिए उचित कदम उठाएंगे, ताकि पानी की टंकी का निर्माण जल्द पूरा हो सके और गांव के प्रत्येक घर तक पेयजल की सुविधा पहुंच सके।

कोरांव में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना का विरोध

ग्रामीणों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

कोरांव (प्रयागराज)। शासन द्वारा तहसील कोरांव में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना का व्यापक विरोध होना शुरू हो गया है। उक्त परियोजना के विरोध में ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हजारों की संख्या में हस्ताक्षर युक्त विरोध पत्र देश के प्रधानमंत्री सूबे के मुख्यमंत्री सहित अन्य जिम्मेदारों के पास भेजा जायेगा। बता दें कि भारत सरकार द्वारा तहसील कोरांव में परमाणु ऊर्जा परियोजना को स्थापित करने का प्रस्ताव पास किया जा चुका है। भारत सरकार ने एनटीपीसी के तत्वावधान में तहसील कोरांव के देवरी और लतीफपुर गांवों में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना के लिए पानी और मिट्टी के जांच की प्रक्रिया शुरू की है। इसी क्रम लगभग महीने भर पूर्व तहसीलदार कोरांव और एनटीपीसी के अधिकारियों द्वारा बोरवेल के लिए प्रस्तावित कुल ९ प्वाइंट्स में से दो का चिन्हांकन किया जा चुका है। जब तहसीलदार कोरांव अनिल यादव अपनी टीम के स्थान बोरवेल के चिन्हांकन हेतु लतीफपुर गांव गये थे, तब भी ग्रामीणों द्वारा इसका बढ़ चढ़कर विरोध किया गया था। उसके बाद से ही ग्रामीणों द्वारा उक्त परियोजना को लेकर शासन एवं प्रशासन को पत्राचार और लोकतांत्रिक निषेध किया जा रहा है। बीते १० सितंबर को परियोजना की स्थापना हेतु सहमति पत्र दे चुका बेलवनिया गांव का प्रधान बबुलेश कुमार अब पूरी तरह मुकर गया है। उसने एसडीएम कोरांव और जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्राचार कर अपनी असहमति व्यक्त की है।

डांडी मेले के रास्ते में खड़ी ट्रांसफार्मर ट्राली बनी बाधा

नैनी (प्रयागराज)। नैनी के ऐतिहासिक डांडी मेले की तैयारियों के बीच बिजली विभाग की उदासीनता सामने आयी है। मेले के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे कई दिनों से ट्रांसफार्मर लदी ट्राली खड़ी छोड़ दी गयी है, जिससे

रोशनी कमेटी ने हटाने की मांग की

मेले के दौरान निकलने वाली पारंपरिक चौकियों और शोभायात्राओं के संचालन में गंभीर बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। स्थानीय नागरिकों एवं मेला प्रबंधकों के अनुसार, मुख्य मार्ग पहले से ही संकरा है। सड़क किनारे भारी-भरकम ट्राली खड़ी रहने से सामान्य आवागमन प्रभावित हो रहा है और जाम की स्थिति बनी हुई है। इसी मार्ग से होकर मेले की भव्य चौकियां और हजारों श्रद्धालु गुजरते हैं।

पिता के वचन एवं धर्म की मर्यादा के लिए श्रीराम ने किया वनगमन

झूंसी (प्रयागराज)। श्री रामलीला कमेटी इसीपुर मालवा खुर्द (झूंसी) के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के वनगमन, राजा दशरथ मरण और भरत मिलाप के मार्मिक प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से त्याग, धर्म, मर्यादा और भ्रातृ प्रेम की ऐसी अनुपम छटा बिखेरी कि दर्शक भावविभोर हो उठे। लीला के दौरान दिखाया गया कि पिता राजा दशरथ के वचनों की लाज और रघुकुल की मर्यादा की रक्षा के लिए प्रभु श्रीराम ने सहर्ष राजसी वैभव त्यागकर चौदह वर्ष के वनवास का मार्ग चुना। पुत्र वियोग में तड़पते राजा दशरथ के प्राण त्यागने और समूची अयोध्या में पसरे शोक के दृश्य ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। इसके उपरांत चित्रकूट में भरत मिलाप का मंचन हुआ। बड़े भाई श्रीराम के चरणों में नतमस्तक भरत का अगाध समर्पण, दोनों भाइयों का अश्रुपूर्ण मिलन और गले लगने का दृश्य देख उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा। कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पार्षद सियाराम मौर्य ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, संयम और आदर्शों की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला है। ऐसी प्रस्तुतियां नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ती हैं। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष अजय यादव, कोषाध्यक्ष विमलेश कुशवाहा, महामंत्री मूलचंद पाल, निदेशक पुरुषोत्तम सिंह, महानिदेशक वीरेंद्र यादव, संरक्षक शिव कैलाश यादव और राजनाथ सिंह सहित बड़ी संख्यामें श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अमर बलिदानियों का त्याग और साहित्यकारों की चेतना समाज के लिए मार्गदर्शक-डा. केशवदेव

वैश्विक हिंदी महासभा और अखिल भारतीय हिंदी परिषद की संगोष्ठी संपन्न

झूंसी (प्रयागराज)। छतनाग स्थित गंगा प्रसाद त्रिपाठी के आवास पर वैश्विक हिंदी महासभा एवं अखिल भारतीय हिंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी व कविगोष्ठी का आयोजन हुआ। यह आयोजन अमर बलिदानी अशफाक उल्ला खां, जननायक कोमरम भीम की जयंती तथा प्रख्यात साहित्यकार नरेश मेहता की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में स्वाधीनता सेनानियों को नमन करते हुए नरेश मेहता के साहित्यिक अवदान को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

बतौर मुख्य अतिथि सूरदास ब्रजभाषा अकादमी (मथुरा) के निदेशक डा. केशवदेव शर्मा ने कहा कि अशफाक उल्ला खां और कोमरम भीम जैसे वीरों का संघर्ष, साहस और त्याग पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। ऐसे महापुरुषों की प्रेरणाओं को जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विशिष्ट अतिथि नागपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि नरेश मेहता सही अर्थों में आधुनिक हिंदी कविता के काव्य पुरुष थे, जिन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से जीवन मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को गहरी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम की



अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार डा. विजयानंद ने कहा कि देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानी ही हमारी राष्ट्रीय चेतना और साहित्य के वास्तविक नायक हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ चर्चित कवि राकेश मालवीय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरांत कविगोष्ठी में रचनाकारों ने देशभक्ति, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कीं।

डांडी के ऐतिहासिक दशहरा मेले में उमड़ा जनसैलाब

राम-रावण युद्ध, सीता हरण और लंका दहन की लीला ने मोहा मन, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी



नैनी (प्रयागराज)। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर नैनी के डांडी में आयोजित ऐतिहासिक दशहरा मेला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से गुलजार रहा। सुबह से ही डांडी, महेवा, चाका और नैनी समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग मेले में पहुंचे। शाम होते-होते मेला परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये थे। डीसीपी विवेक चंद्र यादव, एसीपी करछना कुंजलता और एसीपी नैनी अविनाश कुमार के नेतृत्व में नैनी तथा औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस ने सुरक्षा की कमान संभाली। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरे मेला परिसर को तीन जोन में बांटा गया था। प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए, जबकि प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की गयी। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा। सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में ४० से अधिक हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाये गये थे। इसके अलावा दो ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की गयी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि और अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए एक दर्जन से अधिक थानों की पुलिस, दो कंपनी पीएसी, महिला पुलिस, यातायात पुलिस तथा सादे कपड़ों में खुफिया विभाग के जवान तैनात रहे। बम निरोधक दस्ते और डाग स्क्वायड ने भी सघन जांच की। मेले का प्रमुख आकर्षण पारंपरिक रामलीला और आधुनिक तकनीक से सजी एक दर्जन से अधिक चौकियां रहीं। इनमें राम-रावण युद्ध, सीता हरण, हनुमान जी द्वारा लंका दहन और राम दरबार की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इन झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दिया। धार्मिक प्रसंगों के साथ सामाजिक जागरूकता को भी महत्व दिया गया। कई चौकियों के माध्यम से नशामुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत जैसे संदेश दिए गये। लोगों ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ने वाली इन प्रस्तुतियों की सराहना की।

पूर्व प्रधान के बेटे के निधन पर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

प्रतापपुर (प्रयागराज)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल गुरुवार को अपने पैतृक गांव मोहिउद्दीनपुर पहुंचे। उन्होंने गांव के पूर्व प्रधान राम हिंछ यादव के ज्येष्ठ पुत्र गुलशन कुमार (३३) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। गुलशन कुमार का बीते शनिवार को बिजनौर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही वर्ष के भीतर भतीजे अखिलेंद्र प्रताप और अब बेटे गुलशन का जाना अत्यंत हृदयविदारक है। उन्होंने मृतक की पत्नी एवं दो मासूम बच्चों की परवरिश में हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नंदलाल पटेल, जयसिंह यादव, जिला सचिव पप्पू यादव, सुरेश चंद, भोला भारती, अभय राज यादव और विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

जसरामें शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ स्नातक एमएलसी चुनाव

३२०० में से १३५८ मतदाताओं ने किया मतदान, ४२.४३ प्रतिशत रहा मतदान



घूरपुर (प्रयागराज)। जसरा विकासखंड परिसर में शुक्रवार को झांसी-प्रयागराज स्नातक खंड विधान परिषद चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चले मतदान के दौरान मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला।

विकासखंड परिसर में बनाए गये चार बूथों १०५, १०५-ए, १०६ और १०६-ए पर कुल ३२०० पंजीकृत स्नातक मतदाताओं में से १३५८ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत ४२.४३ रहा।

पीठासीन अधिकारी एडीसीओ प्रदीप पाठक ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रहा। किसी भी बूथ पर गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। मतदाताओं ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। एडीओ पंचायत विनोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी मतदान कर्मी निर्धारित समय पर अपने-अपने बूथों पर पहुंच गये थे। विकासखंड परिसर के बाहर भाजपा और सपा की ओर से लगाये गये बूथ काउंटरों पर मतदाता पर्ची प्राप्त करने के लिए दिनभर भीड़ लगी रही। मतदान में महिला मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विधायक डा. वाष्पति, ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला, संगीता सिंह, लाला पाठक, शीलू द्विवेदी, मयंक, रमाकांत यादव, जयसिंह यादव, बृजेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र केसरवानी और रमेश केसरवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।